# घुमावदार ओवरब्रिज ने ली चार लोगों की जान..!

## चालक का संतुलन बिगड़ा, रैलिंग से घिसाई बस, गनीमत रही नीचे नहीं गिरी

**स्लीपर सीट पर सोये यात्रियों की 40 फीट नीचे सड़क पर गिरने से मौत**
**स्लीपर में सो रहे यात्रियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला**




**ब्यावरा . बस** हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो दर्जन से अधिक घायल है . एसपी अमित तोलानी सुबह अस्पताल पहुंचे और घायल से बात की .

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 अगस्त. भोपाल बॉयपास चौराहे का ओवरब्रिज हादसे की वजह बन गया. इस ब्रिज के त्रुटिपूर्ण बनावट के कारण दर्जनभर से अधिक यात्री अब तक मारे जा चुके हैं. शुक्रवार सुबह पांच-छः बजे के लगभग कानपुर से इंदौर जा रही निजी ट्रेवल्स की बस में सवार चार यात्रियों की मौत के बाद एक बार फिर ब्रिज को ही ब्लैक स्पॉट घोषित करते हुए इसके पुनर्निर्माण की मांग तेज हो गई है.**

ब्यावरा-भोपाल-इंदौर मार्ग के संगम पर बना यह ओवरब्रिज काफी घुमावदार है. यह ब्रिज दुर्घटना का केन्द्र सा बन गया है. कई बार पुल पर वाहन पलटने की घटनाएं हुई हैं. शुक्रवार प्रात: बस चालक ने ब्रिज के ऊपर जैसे ही बस को आगे बढ़ाई तो बस चालक घुमावदार मोड़ का अंदाजा नहीं लगा पाया और वह अपना संतुलन खो बैठा.

अचानक मोड़ने पर बस पलटने जैसी स्थिति में आ गई और वह पुल की रैलिंग पर जा टिकी. इसी रैलिंग पर बस करीब 300 मीटर तक घिसटती हुई चलती रही. इस बीच जो यात्री बस के ऊपरी स्लीपर सीट पर सो रहे थे वे नीचे आ गिरे. करीब 40 फुट नीचे सड़क पर गिरने से बस चालक सहित चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई. 11 यात्री घायल हुए हैं. इनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है. कानपुर से इंदौर जा रही निजी ट्रेवल्स की यह बस घटना के समय ब्यावरा के भोपाल चौराहे के ओवर ब्रिज से गुजर रही थी.

**लोगों ने शुरू किया रेस्क्यू-** बस के ब्रिज से नीचे गिरते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े. पुलिस और प्रशासन की टीमें भी मौके पर पहुंचीं. बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया और घायलों को तत्काल ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार स्थानीय सिविल अस्पताल में कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है. चारों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं.

### दुर्घटना में बेंगलुरु के साइबर इंस्पेक्टर की मौत

बस में बेंगलुरु साइबर सेल की टीम भी सवार थी. टीम आरोपी की तलाश में इंदौर जा रही थी. हादसे में साइबर इंस्पेक्टर रवि केबी पिता बसप्पा, निवासी बेंगलुरु की मौत होने की जानकारी सामने आई है. वहीं टीम के श्रीनिवास पिता वेंकट गिरि, विश्वनाथ पिता मोहन और रमेश पिता पंडप्पा घायल हुए हैं. अन्य तीन



मृतकों में बस चालक विकास शुक्ला 29, बेलाल अली 23, ज्योतिरादित्य सिंह गौड़ शामिल हैं. जबकि 11 यात्री घायल हो गए है. घायलों में अमित कुमार, मीनू सिंह, रक्षित सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, रवि शर्मा, पार्थ शर्मा, सुमन शर्मा, श्रीनिवास, केशव, सोनू, रमेश नायक और विश्वनाथ शामिल हैं. घायलों को देखने राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सिविल अस्पताल पहुंचे.

### बड़ी दुर्घटना टली, कई वाहन गिर चुके है पुल से

भोपाल बायपास चौराहे का यह पुल हादसो का कारण बनता जा रहा है. इस पुल से कई वाहन नीचे गिर चुके है. दर्जनभर से अधिक लोगो की अब तक मौत हो चुकी है. बस में सवार चार लोगो की मौत ने एक बार फिर सभी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है. इस घटना में सौभाग्य की बात यह है कि बड़ी दुर्घटना टल गई. बस का संतुलन बिगड़ने से वह झुक गई और पुल की रैलिंग से घिसटाती हुई करीब 300 मीटर आगे निकल गई. दुर्भाग्य से अगर बस नीचे गिर जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था. गौरतलब है कि पूर्व में कई वाहन इस ब्रिज के अत्यधिक घुमावदार होने से नीचे गिर चुके है. इसमें कई लोगो की मौत हो गई है. ब्रिज से गुजरने वाले वाहनों के पलटने, पुल से समान, यात्री गिरने जैसे कई हादसे हो चुके है.



### एसपी बोले- प्रथम दृष्टया ओवरस्पीड से हादसा

एसपी अमित तोलानी ने सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना. उन्होंने डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली. एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया बस की तेज रफ्तार हादसे की वजह लग रही है. ब्रिज पर कर्व होने के कारण बस अनियंत्रित हुई और दीवार से टकराकर नीचे जा गिरी. हालांकि हादसे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट होगी.

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में आरोपियों को किया गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 28 अगस्त, शहर के छिपेटी बाजार क्षेत्र में** नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में सिरोंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना को देखकर आसपास मौजूद दुकानदार ने इसका विरोध किया, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग खड़े हुए थे. इसके बाद आरोपियों ने अपने सहयोगियों के साथ आकर छेड़छाड़ का विरोध करने वाले दुकानदार और दुकान के कर्मचारी के साथ भी मारपीट एवं गाली-गलौज की थी. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चाकू भी जब्त किया है.

गुरुवार को छिपेटी बाजार क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के साथ आरोपियों द्वारा छेड़छाड़ की गई. घटना को देखकर आसपास मौजूद दुकानदार ने इसका विरोध किया, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गए. आरोप है कि कुछ समय बाद आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान में घुसकर विरोध करने वाले दुकानदार तथा उसके कर्मचारी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज की. घटना के संबंध में थाना सिरोंज में दोनों मामलों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए. मामले की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग थाना परिसर पहुंचे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. घटना की गंभीरता को देखते हुए जिले के विभिन्न थानों से अतिरिक्त पुलिस बल भी सिरोंज बुलाया गया.

### पुलिस ने अलग-अलग टीम गठित कर की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिरोंज सोनू डावर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुरवाई रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया. टीमों को आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं. पुलिस टीमों ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. साथ ही दुकानदारों द्वारा बताए गए आरोपियों के हुलिए के आधार पर उनकी तलाश शुरू की गई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ घंटे बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं चाकू भी जब्त किया है. इसके बाद गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया.

# सलामतपुर के पास दो कारों में टक्कर, पांच घायल

**भोपाल-विदिशा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा**




नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 28 अगस्त. भोपाल-विदिशा नेशनल हाइवे 146 पर शुक्रवार को ढकना चपना स्थित जागीरदार ढाबा के पास दो में आमने-सामने हुई टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर के बाद इनोवा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में घुस गई, जबकि दूसरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक एमएच 12 पीजेड 2059 से एक परिवार सागर से भोपाल की ओर जा रहा था. इसी दौरान भोपाल की तरफ से विदिशा की ओर से आ रही मध्यप्रदेश शासन लिखी हुई कार क्रमांक एमपी 09 एओ 1628 के चालक ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में कार में सवार तीन पुरुष और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बार इनोवा चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया. पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है.

घटना की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाने की डायल-112 टीम से कांस्टेबल कुलदीप दांगी और पायलट मुकेश विश्वकर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे. स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकालकर सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. हादसे में घायल तीन पुरुषों और दो महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. सलामतपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# गड्ढों में तब्दील मुख्य सड़कें, सावधानी हटी तो हादसा तय

**बजरंग चौराहा से बरेली मार्ग तक सड़क की स्थिति बेहद खराब**

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 28 अगस्त. नगर से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे एवं प्रमुख मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में हैं. सड़कें जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे पैदल राहगीरों से लेकर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों तक सभी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

लगातार हो रही बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है. ऐसे में



जरा सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है.

नगर के बजरंग चौराहा से बरेली मार्ग तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है. कई स्थानों पर सड़क उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. इसी प्रकार बजरंग चौराहा से उदयपुरा मार्ग पर भी गड्ढों की भरमार है, जिससे वाहन चालकों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बारिश के दौरान इन मार्गों से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है.

### करोड़ों की लागत से बना फोरलेन भी बदहाल

सिलवानी से आमापानी कॉलोनी तक करीब दो किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क, जिसका निर्माण कुछ वर्ष पूर्व ही किया गया था, आज अपनी बदहाल स्थिति पर सवाल खड़े कर रही है. सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं और बारिश ने हालात को और अधिक खराब कर दिया है. लोगों का कहना है कि अब सड़क कम और गड्ढे ज्यादा दिखाई देते हैं.

**अतिक्रमण से गायब हुए फुटपाथ, बढ़ा हादसों का खतरा-** भोपाल रोड पर तहसील कार्यालय से लेकर बजरंग चौराहा एवं मुख्य बाजार क्षेत्र तक फुटपाथों पर अतिक्रमण का कब्जा है. दुकानदारों द्वारा सामान सड़क तक फैलाने के कारण पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ उपलब्ध नहीं हैं. मजबूरन लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे यातायात का दबाव बढ़ने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है.

**मरम्मत की मांग, जिम्मेदार विभाग से कार्रवाई की अपेक्षा-** नगरवासियों का कहना है कि संबंधित विभाग को तत्काल सर्वे कराकर सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करानी चाहिए. समय रहते गड्ढों को नहीं भरा गया तो बारिश के मौसम में बड़े हादसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र सुधार कार्य शुरू कराने की मांग की है.

# गैस कैप्सूल टैंकर से सिलेंडर भरते पकड़े गए तीन आरोपी

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 28 अगस्त.** जिला मुख्यालय से 110 किमी दूर गौहरगंज थानांतर्गत भोपाल - जबलपुर नेशनल हाइवे 45 पर ग्राम आलमपुर के पास बंद पड़े एक ढ़ाबे को फिरोज अहमद एवं रोशन लोधी नामक आरोपियों ने एक साल पहले किराए पर लेकर अवैध एलपीजी बॉटलिंग प्लॉट बनाकर गैस से भरे कैप्सूलों के ड्राइवरों से सांठगांठ करके गैस चुराई जा रही थी. गौहरगंज थानाप्रभारी विनोद परमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करके बंद पड़े ढ़ाबे पर दो कैप्सूल वाहनों से एक स्पेशल नोजल से खाली गैस सिलेंडर भरते हुए तीन आरोपियों फिरोज अहमद 34 वर्ष निवासी ग्राम ठीकरी गौहरगंज, रोशन लोधी 38 वर्ष एवं अरुण लोधी 22 वर्ष दोनों निवासी राहुल नगर मंडीदीप को रंगेहाथों पकड़ा गया है. इस बीच दोनों कैप्सूल टैंकर के ड्राइवर फरार हो गए. दोनों वाहन मालिकों एवं एचपीसीएल अधिकारियों को बुलाया गया है.

# रक्षाबंधन पर दो महिलाओं ने की खुशकुशी

**एक ने मायके जाने, दूसरी ने पकवान के लिए दी जान**

**बेगमगंज, 28 अगस्त. रक्षाबंधन पर वीरपुर में एक महिला ने मायके जाने, बेगमगंज में दूसरी महिला ने पकवान बनाने के लिए खाद्य सामग्री को लेकर हुए विवाद में फांसी लगा ली.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम वीरपुर निवासी सुमित गौर की 27 वर्षीय पत्नी रूबी गौर ने रक्षाबंधन पर अपने मायके ग्राम बेरी तहसील खुरई जिला सागर जाने की जिद की तो पति सुमित गौर ने परिवार में अंधरे (गमी) का त्यौहार होने का बोलकर दो दिन बाद छोड़ने का कह दिया था और रक्षाबंधन एवं घरेलू सामान खरीदने बेगमगंज बाजार आ गया. सामान खरीदकर जब वो वापस घर पहुंचा तो उसके दोनों पुत्र एक 5 वर्षीय एवं दूसरा 7 वर्षीय बाहर खेल रहे थे. लेकिन घर में एक कमरे का दरवाजा बंद मिला, दरवाजे के लॉक को तोड़ने के बाद देखा कि अंदर पंखे के कुन्दे से पत्नी रूबी गौर झूल रही है. दूसरी दुखद घटना में नगर के वार्ड क्र.17 श्यामनगर टेकरी वाले मंदिर के पुजारी पंडित फूलचंद दुबे की 52 वर्षीय पत्नी रजनी दुबे ने रक्षा बंधन पर्व पर पकवान बनाने के लिए सामग्री लाने के लिए हुए मामूली विवाद पर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुजारी दुबे के बताए अनुसार वह ग्राम ध्वाज के निवासी हैं और पिछले कुछ वर्षों से श्यामनगर मंदिर में पुजारी होकर यहीं पर निवास करते हैं. उनके तीन पुत्र है. गुरुवार की शाम को उनकी पत्नी रजनी दुबे ने रक्षाबंधन पर पकवान बनाने के लिए सामान लाने को कहा तो उन्होंने थोड़ी देर में लाने की बात कही तो वो बहस करने लगी. तब वो दुकान पर सामान खरीदने चले गए थे. वापस लौटने पर देखा कि उनकी पत्नी फांसी के फंदे पर झूल रही है.

# 52 सीटर बसों में ठूंसे 100 यात्री, लटककर सफर

नवभारत न्यूज


**सलामतपुर, 28 अगस्त.** रक्षाबंधन पर सलामतपुर और भोपाल-विदिशा मार्ग पर यात्रा करना लोगों के लिए बेहद तकलीफदेह साबित हुआ. 42 और 52 सीटों वाली बसों में 60 से 100 यात्री ठूंस-ठूंसकर भरे गए. बस के गलियारों, सीढ़ियों और गेट पर लटककर लोग जान जोखिम में डालकर सफर करते दिखे. उमस और भारी भीड़ के कारण बसों के अंदर दम घुटने जैसी स्थिति बनी रही. महिलाएं छोटे बच्चों को गोद में लेकर खड़े-खड़े सफर करने को मजबूर हुईं, जबकि कंडक्टरों ने पूरा




किराया वसूला. यात्रियों ने रायसेन आरटीओ और यातायात पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं. आरोप है कि हर त्योहार पर ऐसी स्थिति बनने के बावजूद अधिकारी चेकिंग अभियान नहीं चलाते. समाजसेवी कैलाश गोस्वामी और व्यापारी मयंक साहू ने मांग की है कि रूट पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएं. साथ ही, ओवरलोड बसों पर कार्रवाई की जाए.

**आयोजन** | **प्राचीन उदयपुर की धरती पर कदम-कदम पर बिखरी हैं ऐतिहासिक धरोहरें**

# पहाड़ेश्वर मंदिर में कतारबद्ध होकर पहुंच रहे श्रद्धालु



**महादेव के दर्शन कर उठा रहे धर्मलाभ**

**खुदाई में लगातार निकलती हैं कलात्मक पत्थर की मूर्तियां**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 28 अगस्त, ग्राम उदयपुर देहरा में भगवान महादेव का प्राचीन और कलात्मक पत्थरों से निर्मित प्रमुख मंदिर गांव के मध्य स्थित है. इसके अलावा उदयपुर की पहाड़ियों और आसपास के क्षेत्र में भगवान शिव सहित अनेक प्राचीन मंदिर मौजूद हैं, जिनसे जुड़ी अलग-अलग किंवदंतियां और धार्मिक मान्यताएं क्षेत्र में प्रचलित हैं. इन दिनों पहाड़ पर स्थित पहाड़ेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंच रहे हैं और भगवान महादेव के दर्शन कर धर्मलाभ उठा रहे हैं.**



उदयपुर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्राचीन कला और स्थापत्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान है. पूरे क्षेत्र में जगह-जगह पत्थर की कलात्मक मूर्तियां दिखाई देती हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, जब भी क्षेत्र में खुदाई होती है तो प्राचीन मूर्तियां और अवशेष निकल आते हैं. इससे यह संभावना जताई जाती है कि वर्तमान भू-भाग के नीचे कभी पुरानी बस्ती रही होगी. कई स्थानों पर खुदाई के दौरान पुराने और जर्जर भवनों के अवशेष भी सामने आए हैं.

### कभी घने जंगलों के बीच बसा था उदयपुर

एक समय उदयपुर घने जंगलों से घिरा हुआ क्षेत्र माना जाता था. यहां शेर, तेंदुए, हिरण, जंगली सूअर, रीछ सहित अनेक वन्यजीव और बड़ी संख्या में पक्षी पाए जाते थे. बुजुर्ग बताते हैं कि पहले शाम ढलने के बाद लोग सुरक्षा की दृष्टि से घरों से बाहर निकलने से भी बचते थे.समय के साथ जंगलों का क्षेत्र लगातार कम होता गया. पेड़ों की कटाई और अतिक्रमण के कारण प्राकृतिक स्वरूप में बड़ा बदलाव आया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अब पहले जैसी पक्षियों की चहचहाहट सुनाई नहीं देती और वन्यजीवों का दिखाई देना भी लगभग बंद हो गया है.

### धरोहर और जंगल दोनों के संरक्षण की जरूरत

उदयपुर की प्राचीन धरोहरों, मंदिरों, मूर्तियों और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों, माफिया और संगठित गिरोहों के कारण क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक संपदा को नुकसान पहुंचा है. उदयपुर में अवैध गतिविधियों और धरोहरों के संरक्षण का मुद्दा कई बार चर्चा में आया, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं आया.जरूरत इस बात की है कि पुरातत्व विभाग और वन विभाग संयुक्त रूप से उदयपुर क्षेत्र का सर्वे कराकर प्राचीन मंदिरों, मूर्तियों, भवन अवशेषों और वन भूमि का सीमांकन करें. साथ ही गायब हुई प्राचीन मूर्तियों की जानकारी जुटाकर उनकी तलाश और संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि ऐतिहासिक उदयपुर की पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके.

# मामूली विवाद को लेकर मारपीट में युवक घायल

**पिपरिया, 28 अगस्त.** लोहियावार्ड में साधारण विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिससे एक युवक घायल हो गया. प्राथमिक उपचार के बाद उसे नर्मदापुरम रेफर किया गया.

स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत लोहियावार्ड निवासी सोनिया पति नितिन सिलावट ने पुलिस को बताया कि उनके पति नितिन के घर लौटते समय उनका हाथ कुणाल संतोरे को लग गया. इसी बात को लेकर कुणाल और लोकेश कहार ने गाली-गलौज करते हुए बेल्ट से मारपीट की, जिससे नितिन के सिर में चोट आई. लोकेश ने हाथ का कड़ा निकालकर नितिन पर हमला किया. इसी दौरान राजेश केवट के घर में राजेश ने भी नितिन के साथ मारपीट की और सीढ़ियों से धक्का दिया, जिससे नितिन के सिर में चोट आई. मारपीट के दौरान नितिन की बहन भानू, जीजा बंटीनाथ और अनिश बाथरे ने बीच-बचाव किया.

# इंदिरा चौक पर कपड़े की दुकान में भीषण आग, लाखों का माल हुआ खाक

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 28 अगस्त. शहर के व्यस्त इंदिरा चौक पर गुरुवार देर रात करीब 12 बजे कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई. दुकान से धुआं और लपटें निकलती देख स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी.**

समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आग आसपास की दुकानों तक फैलने से बच गई और बड़ा हादसा टल गया. जानकारी के मुताबिक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बाजू में स्थित एमआईके मेंस वियर कपड़ा दुकान में देर रात आग लगी। घटना के समय दुकान बंद थी. शटर के नीचे से धुआं और लपटें निकलती देख बाजार में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई. कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. दुकान संचालक के अनुसार, आग की इस घटना में चार लाख रुपये




से अधिक के नुकसान का अनुमान है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है.

पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके का निरीक्षण कर घटना की जांच शुरू कर दी है. समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास की दुकानें सुरक्षित बच गईं. यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो यह पूरे बाजार में फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था.